**भारत सरकार**
**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय**
**स्वास्थ्य एंव परिवार कल्याण विभाग**

**लोकसभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या: 2901**
**12, मार्च, 2021 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर**

**खाद्य पदार्थों में मिलावट के मामले**

**2901. श्री हेमंत पाटिल:**
**श्री ओम पवन राजेनिंबालकर:**
**डॉ. अरविंद कुमार शर्मा:**
**श्री राहुल रमेश शेवाले:**

**क्या स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क): क्या गत तीन वर्षों में प्रत्येक वर्ष और चालू वर्ष के दौरान देश भर में खाद्य पदार्थों में मिलावट के मामलों में वृद्धि हुई है;

(ख): यदि हां, तो तत्संबंधी राज्य/संघ-राज्य क्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है और इसके क्या कारण हैं;

(ग): क्या कानूनों के शिथिल कार्यान्वयन के कारण मिलावट का व्यवसाय एक लाभकारी उद्यम बन गया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ): सरकार द्वारा राज्यों/संघ-राज्य क्षेत्रों में मिलावट संबंधी कानूनों के सख्ती से अनुपालन हेतु क्या कदम उठाए गए हैं;

(ड): क्या सरकार को भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफ.एस.एस.ए.आई.) से खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम, 2006 में संशोधन हेतु एक प्रस्ताव प्राप्त हुआ है जिसमें देश में खाद्य पदार्थों में मिलावट करने वालों को जुर्माना और उम्रकैद का कड़ा दंड शामिल करने के लिए कहा गया है; और

(च): यदि हां, तो उक्त प्रस्ताव का ब्यौरा और वर्तमान स्थिति क्या है तथा खाद्य पदार्थों में मिलावट के समाधान हेतु अन्य क्या कदम उठाए गए हैं?

**उत्तर**

**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण राज्य मंत्री (श्री अश्विनी कुमार चौबे)**

(क) से (ग): खाद्य सुरक्षा एवं मानक (एफएसएस) अधिनियम, 2006 और इसके तहत बनाए गए नियमों और विनियमों के प्रावधानों के कार्यान्वयन और प्रवर्तन का कार्य मुख्यत: राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकारों के अंतर्गत आता है, इन प्रावधानों का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए, राज्य/संघ राज्य क्षेत्र की सरकारें नियमित निगरानी, मॉनीटरी और निरीक्षण कार्यकलाप करती हैं।

राज्य खाद्य सुरक्षा अधिकारियों द्वारा खाद्य पदार्थों के नमूने लिए जाते हैं तथा विश्लेषण हेतु इन्हें भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) द्वारा मान्यता प्राप्त प्रयोगशालाओं को भेजा जाता है। यदि नमूने अधिनियम और उसके तहत बनाए गए नियमों और विनियमों के प्रावधानों के अनुसार नहीं पाए जाते तो एफएसएस अधिनियम के तहत दंडात्मक प्रावधानों का सहारा लिया जाता है।

राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकारों से उपलब्ध सूचना के अनुसार, गत तीन वर्षों के दौरान विश्लेषित, प्रावधानों की गैर-अनुपालना (मिलावट सहित) वाले नमूनों तथा संबंधित खाद्य व्यापार संचालक के विरूद्ध की गई कार्रवाई का ब्यौरा क्रमश: अनुलग्नक-I,II और III पर है।

(घ): एफएसएसएआई केन्द्रीय सलाहकार समिति की आवधिक बैठकों के दौरान राज्य/संघ राज्य क्षेत्र खाद्य सुरक्षा प्राधिकरणों के साथ अधिनियम के प्रवर्तन की सतत निगरानी करता है जिनमें सभी राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के खाद्य सुरक्षा आयुक्त भाग लेते हैं तथा वीडियो कांफ्रैंसिंग और एफएसएसएआई के वरिष्ठ अधिकारियों के दौरे के दौरान परस्पर बातचीत के माध्यम से भी निगरानी की जाती है।

(ड.) और (च): इस समय, मानव उपभोग के लिए असुरक्षित खाद्य जिसके कारण मृत्यु भी हो सकती है, के विनिर्माण, भंडारण, विक्रय, वितरण या आयात, के लिए खाद्य संरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 की धारा 59 के तहत, कम से कम सात वर्ष की जेल परंतु जिसे आजीवन कारावास तक बढ़ाया जा सकता है और कम से कम दस लाख रूपए का जुर्माना निर्धारित किया गया है।

खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 में संशोधन के लिए एफएसएसएआई से एक प्रस्ताव प्राप्त हुआ था। इस मंत्रालय ने संशोधन प्रस्ताव पर 'सार्वजनिक सूचना' के माध्यम से लोगों की टिप्पणियां आमंत्रित की थीं।

**अनुलग्नक -I**

## वर्ष 2017-18 में विश्लेषित नमूने, गैर अनुपालन वाले नमूने और की गई दंडात्मक कार्रवाई का राज्य-वार विवरण

| राज्य / संघ राज्य क्षेत्र का नाम | विश्लेषण नमूनों की संख्या | गैर अनुपालन वाले नमूनों की संख्या | शुरू हुए मामलों की संख्या | | दोष सिद्धि / जुर्मानों की संख्या | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | आपराधिक | सिविल | दोष सिद्धि | उन मामलों की संख्या जिनमें जुर्माना लगाया गया | लगाई गई जुर्माना राशि (रू. में) |
| अंडमान और निकोबार द्वीप समूह | 234 | 49 | शून्य | 285 | शून्य | 285 | 36,91,500 |
| आंध्र प्रदेश | 3881 | 765 | 147 | 282 | 75 | 121 | 49,11,500 |
| अरुणाचल प्रदेश | 269 | 09 | 04 | 07 | शून्य | 09 | 75,500 |
| असम | 610 | 78 | 04 | 39 | शून्य | 06 | 1,22,000 |
| बिहार | 2248 | 215 | 28 | 122 | - | - | - |
| चंडीगढ़ | 376 | 25 | - | 21 | - | 04 | 2,25,000 |
| छत्तीसगढ | 1564 | 388 | 15 | 81 | 13 | 30 | 1,71,004 |
| दादर और नागर हवेली | 67 | 04 | 04 | | - | - | - |
| दमन और दीव | 71 | 06 | 02 | | शून्य | शून्य | - |
| दिल्ली | 1271 | 120 | 127 | 0 | 39 | - | 2,68,98,000 |
| गोवा | 1268 | 82 | 08 | | 07 | - | 7,05,000 |
| गुजरात | 9576 | 713 | 27 | 481 | 382 | 382 | 2,59,82,503 |
| हरियाणा | 2067 | 380 | 33 | 303 | 08 | 280 | 31,12,360 |
| हिमाचल प्रदेश | 164 | 50 | 09 | 08 | 05 | 43 | 9,81,000 |
| जम्मू और कश्मीर | 3643 | 992 | - | 921 | 310 | 512 | 54,89,200 |
| झारखंड | 580 | 219 | - | - | - | - | - |
| कर्नाटक | 3257 | 426 | 53 | 236 | - | 236 | 40,27,270 |
| केरल | 3783 | 703 | 48 | 332 | 88 | 147 | 39,89,880 |

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| लक्षद्वीप | शून्य | शून्य | शून्य | | | | |
| मध्य प्रदेश | 6270 | 904 | 27 | 547 | 10 | 507 | 2,39,42,000 |
| महाराष्ट्र | 9022 | 1532 | 194 | 589 | 83 | 141 | 17,34,500 |
| मणिपुर | 830 | 295 | 09 | 19 | 00 | 04 | 2,60,000 |
| मेघालय | 29 | 03 | - | - | - | - | - |
| मिजोरम | 84 | 52 | शून्य | शून्य | शून्य | 05 | शून्य |
| नगालैंड | 310 | 69 | शून्य | शून्य | शून्य | शून्य | शून्य |
| ओडिशा | 229 | 54 | 13 | 77 | शून्य | शून्य | शून्य |
| पुद्दुचेरी | 3,156 | - | - | - | - | - | - |
| पंजाब | 11057 | 3053 | 40 | 1022 | 22 | 568 | 46,23,650 |
| राजस्थान | 3549 | 1598 | 91 | 171 | 0 | 108 | 7,83,000 |
| सिक्किम | 04 | शून्य | शून्य | शून्य | शून्य | शून्य | शून्य |
| तमिलनाडु | 7383 | 2461 | 496 | 825 | 896 | - | 2,24,66,700 |
| तेलंगाना | 823 | 175 | 25 | 15 | 01 | 20 | - |
| त्रिपुरा | 268 | 18 | - | - | - | - | - |
| उत्तर प्रदेश | 19063 | 8375 | 102 | 7232 | 3237 | 4219 | 12,91,85,500 |
| उत्तराखंड | 1119 | 120 | - | - | - | - | - |
| पश्चिम बंगाल | 1228 | 329 | - | - | 22 | - | 1,64,000 |
| कुल | **99,353** | **24,262** | **1,506** | **13,615** | **5,198** | **7,627** | **26,35,41,067** |

स्रोत: राज्य / केंद्रशासित प्रदेश नोट: कई राज्यों / केंद्रशासित प्रदेशों ने समेकित डेटा साझा किया है और विशेष खाद्य श्रेणी जैसे दूध, तेल, पैकेज्ड ड्रिंकिंग वॉटर, आदि के संबंध में डेटा / पूरा डेटा साझा नहीं किया है।

अनुलग्नक-II

## वर्ष 2018-19 में विश्लेषित नमूने, गैर अनुपालन वाले नमूने और की गई दंडात्मक कार्रवाई का राज्य-वार विवरण

| क्र.सं. | राज्य / संघ राज्य क्षेत्र का नाम | विश्लेषण नमूनों की संख्या | गैर अनुपालन वाले नमूनों की संख्या | शुरू हुए मामलों की संख्या | | दोष सिद्धि / जुर्मानों की संख्या | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | आपराधिक | सिविल | दोष सिद्धि | उन मामलों की संख्या जिनमें जुर्माना लगाया गया | लगाई गई जुर्माना राशि (रू. में) |
| 1 | अंडमान और निकोबार द्वीप समूह | 268 | 11 | 1 | 90 | 1 | 89 | 1274000 |
| 2 | आंध्र प्रदेश | 4715 | 692 | 104 | 456 | 29 | 344 | 10691300 |
| 3 | अरुणाचल प्रदेश | 291 | 11 | 1 | 7 | 0 | 6 | 21000 |
| 4 | असम | 515 | 111 | 7 | 14 | 0 | 5 | 77000 |
| 5 | बिहार | 4135 | 372 | 25 | 146 | 0 | 30 | 1065000 |
| 6 | चंडीगढ़ | 315 | 30 | 37 | 21 | 30 | 15 | 335000 |
| 7 | छत्तीसगढ | 988 | 208 | 23 | 27 | 17 | 8 | 995000 |
| 8 | दादर और नागर हवेली | 58 | 6 | 0 | 6 | 0 | 6 | 63000 |
| 9 | दमन और दीव | 145 | 4 | 0 | 4 | 0 | 0 | 0 |
| 10 | दिल्ली | 2461 | 485 | 29 | 110 | 38 | 31 | 4716001 |
| 11 | गोवा | 1550 | 88 | 1 | 9 | 0 | 17 | 866000 |
| 12 | गुजरात | 9884 | 822 | 22 | 353 | 22 | 237 | 19589004 |
| 13 | हरियाणा | 2929 | 737 | 47 | 488 | 5 | 242 | 5116860 |
| 14 | हिमाचल प्रदेश | 229 | 43 | 4 | 10 | 4 | 35 | 965500 |
| 15 | जम्मू और कश्मीर | 3600 | 1416 | 10 | 698 | 1 | 466 | 5718800 |
| 16 | झारखंड | 499 | 208 | 10 | 71 | 0 | 22 | 485000 |

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 17 | कर्नाटक | 3945 | 456 | 71 | 249 | 0 | 146 | 950800 |
| 18 | केरल | 4378 | 781 | 102 | 565 | 2 | 339 | 11117000 |
| 19 | लक्षद्वीप | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 20 | मध्य प्रदेश | 7063 | 1369 | 114 | 1095 | 8 | 557 | 1,82,28,200 |
| 21 | महाराष्ट्र | 4742 | 1036 | 957 | 910 | 18 | 529 | 11996269 |
| 22 | मणिपुर | 388 | 56 | 0 | 16 | 0 | 12 | 689000 |
| 23 | मेघालय | 81 | 3 | 1 | 0 | 0 | 3 | 193700 |
| 24 | मिजोरम | 124 | 27 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 25 | नगालैंड | 202 | 175 | 0 | 63 | 0 | 63 | 37500 |
| 26 | ओडिशा | 327 | 91 | 38 | 123 | 0 | 3 | 220000 |
| 27 | पुद्दुचेरी | 2037 | 39 | 0 | 0 | 0 | 7 | |
| 28 | पंजाब | 11920 | 3961 | 45 | 1840 | 3 | 1762 | 15703200 |
| 29 | राजस्थान | 5760 | 2147 | | 657 | 141 | 686 | 2017000 |
| 30 | सिक्किम | 182 | 17 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 31 | तमिलनाडु | 5730 | 2601 | 666 | 1718 | 306 | 1485 | 50111950 |
| 32 | तेलंगाना | 1760 | 168 | 33 | 191 | 3 | 15 | 248000 |
| 33 | त्रिपुरा | 192 | 8 | 0 | 3 | 0 | 0 | 0 |
| 34 | उत्तर प्रदेश | 22583 | 11817 | 451 | 8524 | 73 | 5526 | 158981003 |
| 35 | उत्तराखंड | 755 | 35 | 8 | 28 | 0 | 28 | 2853000 |
| 36 | पश्चिम बंगाल | 1,708 | 384 | 6 | 58 | 0 | 20 | 453000 |
| कुल | | 1,06,459 | **30415** | **2813** | **18550** | **701** | **12734** | **32,57,78,087** |

स्त्रोत:राज्य/ संघ राज्य क्षेत्र

अनुलग्नक- III

**वर्ष 2019 -20 में विश्लेषित नमूने, गैर अनुपालन वाले नमूने और की गई दंडात्मक कार्रवाई का राज्य-वार विवरण**

| क्र.सं. | राज्य / संघ राज्य क्षेत्र का नाम | विश्लेषण नमूनों की संख्या | गैर अनुपालन वाले नमूनों की संख्या | सिविल मामलें | | | अपराधिक मामलें | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | शुरू हुए मामलों की संख्या (घ.1) | निर्णीत मामलों की संख्या (घ.2) | मांगी गई जुर्माना राशि | शुरू हुए मामलों की संख्या (ड.1) | निर्णीत मामलों की संख्या (ड.2) | मांगी गई जुर्माना राशि (ड.3) |
| 1 | अंडमान और निकोबार द्वीप समूह | 613 | | 10 | 8 | 571000 | 0 | 0 | 0 |
| 2 | आंध्र प्रदेश | 4044 | 458 | 442 | 118 | 10161000 | 2 | 10 | 60000 |
| 3 | अरुणाचल प्रदेश | 346 | 10 | 4 | 5 | 26000 | 0 | 1 | 30000 |
| 4 | असम | 459 | 129 | 53 | 11 | 1029000 | 14 | 5 | 80000 |
| 5 | बिहार | 5665 | 501 | 147 | 8 | 208000 | 53 | 0 | 0 |
| 6 | चंडीगढ़ | 384 | 21 | 74 | 11 | 810000 | 20 | 1 | 0 |
| 7 | छत्तीसगढ | 1550 | 305 | 205 | 190 | 5562500 | 56 | 0 | 0 |
| 8 | दादर और नागर हवेली और दमन द्वीप | 232 | 9 | 15 | 6 | 96000 | 0 | 2 | 52000 |
| 9 | दिल्ली | 2114 | 374 | 341 | 46 | 2012000 | 59 | 60 | 3250000 |
| 10 | गोवा | 147 | 6 | 6 | 4 | 210000 | 1 | 0 | 0 |
| 11 | गुजरात | 13160 | 984 | 579 | 368 | 28695500 | 16 | 27 | 966005 |
| 12 | हरियाणा | 2417 | 473 | 372 | 140 | 3567061 | 30 | 4 | 10500 |
| 13 | हिमाचल प्रदेश | 675 | 129 | 20 | 104 | 2709000 | 6 | 1 | 2000 |
| 14 | जम्मू और कश्मीर | 3688 | 950 | 1395 | 817 | 6451700 | 35 | 6 | 23000 |
| 15 | झारखंड | 1039 | 397 | 138 | 49 | 1180000 | 63 | 13 | 0 |
| 16 | कर्नाटक | 4551 | 465 | 351 | 211 | 2004500 | 80 | 12 | 220000 |
| 17 | केरल | 5021 | 778 | 359 | 599 | 12372500 | 210 | 8 | 245000 |
| 18 | लद्दाख | 6 | 0 | 9 | 9 | 101300 | 0 | 0 | 0 |
| 19 | लक्षद्वीप | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 20 | मध्य प्रदेश | 15717 | 2575 | 2083 | 1598 | 88103000 | 131 | 17 | 1134000 |
| 21 | महाराष्ट्र | 5962 | 1030 | 1150 | 847 | 23954623 | 1045 | 135 | 122500 |
| 22 | मणिपुर | 92 | 73 | 17 | 18 | 195000 | | 1 | 40000 |
| 23 | मेघालय | 133 | 2 | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 24 | मिजोरम | 101 | 61 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 25 | नगालैंड | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 26 | ओडिशा | 702 | 183 | 61 | 97 | 803600 | 12 | 0 | 0 |
| 27 | पुद्दुचेरी | 5 | 5 | 22 | 20 | 142000 | 0 | 0 | |
| 28 | पंजाब | 7053 | 1394 | 1990 | 893 | 28763850 | 106 | 33 | 584000 |
| 29 | राजस्थान | 6455 | 1834 | 903 | 174 | 2694320 | 75 | 0 | 0 |
| 30 | सिक्किम | 18 | | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 31 | तमिलनाडु | 10528 | 3155 | 1779 | 1390 | 16712500 | 857 | 351 | 7377500 |
| 32 | तेलंगाना | 1680 | 135 | 111 | 67 | 311000 | 14 | | |
| 33 | त्रिपुरा | 33 | 8 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 34 | उत्तर प्रदेश | 21193 | 12568 | 14575 | 8881 | 3.35E+08 | 1787 | 133 | 1877800 |
| 35 | उत्तराखंड | 1211 | 267 | 142 | 111 | 1284000 | 0 | 0 | 0 |
| 36 | पश्चिम बंगाल | 1781 | 310 | 58 | 80 | 1543000 | 9 | 1 | 33000 |
| कुल | | **118775** | **29192** | **27412** | **16881** | **5.8E+08** | **4681** | **821** | **2E+07** |